# उन्नाव में 461 मिलियन डॉलर निवेश होगा

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** उन्नाव इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में 461 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश की तैयारी है। इसके अलावा एक्वाकल्चर इकोसिस्टम को सशक्त बनाने के लिए लखनऊ में इसी प्रकार के अत्याधुनिक मॉडल स्थापित होगा।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने हाल में दुबई में यूएई के शाही परिवार के सदस्य एवं एक्वाब्रिज होल्डिंग्स के चेयरमैन महामहिम शेख अहमद बिन मना बिन खलीफा अल मकतूम से मुलाकात की। 461 मिलियन अमेरिकी डॉलर के निवेश प्रस्ताव पर चर्चा हुई। यह राज्य के एक्वाकल्चर को नया आयाम प्रदान करेगा। मुख्य सचिव ने उन्हें यूपी आने का आमंत्रण दिया और यूपी की निवेश नीति के बारे में बताया।



मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की यूएई के शाही परिवार के सदस्यों से निवेश पर चर्चा हुई।